# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## फरवरी-अप्रैल, 2008 सत्र

## बुधवार, दिनांक 19 मार्च, 2008

## तारांकित प्रश्नोत्तर

### रायगढ़ जिले में आयुष्मति योजना अंतर्गत आवंटित राशि

1. (*क्र. 1649) **सुश्री कामदा जोल्हे :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) आयुष्मति योजनांतर्गत वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 में रायगढ़ जिले को कितना-कितना आवंटन दिया गया ? कितने-कितने लाभान्वित हुए ? (ख) इस योजनान्तर्गत विकासखंड सारंगढ़ में कितनी-कितनी राशि खर्च की गई ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) आयुष्मति योजनांतर्गत रायगढ़ जिले को वर्ष 2006-07 में रुपये 2,73,500/- तथा वर्ष 2007-08 में माह फरवरी 2008 तक रुपये 4,43,000/- का आवंटन दिया गया है. वर्ष 2006-07 में 809 तथा वर्ष 2007-08 में माह फरवरी 2008 तक 851 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया है. (ख) योजनांतर्गत विकासखंड सारंगढ़ में वर्ष 2006-07 में रुपये 493/- तथा वर्ष 2007-08 में माह फरवरी 2008 तक रुपये 2885/- की राशि व्यय हुई है.

### स्थगन आदेश समाप्ति हेतु शासन द्वारा की गई कार्यवाही

2. (*क्र. 835) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) तारांकित प्रश्न संख्या 05 (क्रमांक 723) दिनांक 16 मार्च, 2005 के उत्तर के भाग (घ) में दी गई जानकारी अनुसार दिनांक 31-01-2005 के बाद किस-किस तिथि को पेशी हुई ? (ख) स्थगन आदेश को समाप्त करने हेतु राज्य शासन द्वारा किस-किस पेशी में क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. (ख) स्थगन आदेश (दिनांक 14-01-2002 तथा 21-06-2002) को समाप्त करने हेतु राज्य शासन का पक्ष माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष महाधिवक्ता छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रस्तुत किया जाता है तथा प्रकरण की सुनवाई हेतु माननीय न्यायालय द्वारा ही तिथियां निर्धारित की जाती हैं. माननीय उच्च न्यायालय ने रिट पिटिशन में दिनांक 22-8-07 को प्रकरण अंतिम सुनवाई हेतु लिस्ट करने का आदेश दिया है. माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण में सुनवाई हेतु निर्धारित तिथियों की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है.

### कांकेर स्थित भैंसाकन्हार के पूर्व लौह अयस्क खनि पट्टा को निरस्त किए जाने संबंधी

3. (*क्र. 1579) **श्री भूपेश बघेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कांकेर स्थित भैंसाकन्हार लौह अयस्क का खनि पट्टा किन्हें दिया गया था एवं किस कारण से निरस्त किया गया ? क्या पट्टा निरस्त होने के पूर्व पट्टाधारी ने खनन प्रारंभ कर विक्रय किया था ? यदि हां, तो उसके द्वारा कुल कितनी मात्रा में उत्खनन किया गया था ? (ख) क्या खनिज अधिनियम की धारा 4 (1) में अवैध खनन करने वाले पट्टेदार पर शास्ति आरोपित तथा धारा 21 (1) के अनुसार आपराधिक मुकदमा चलाने जाने का प्रावधान है ? (ग) यदि हां, तो निकासी की गई मात्रा पर शास्ति का आरोपण तथा आपराधिक मुकदमा दायर किया गया है ? यदि नहीं, तो आपराधिक मुकदमा दायर नहीं किये जाने के लिए कौन दोषी है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) से (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

---

† परिशिष्ट "एक"

बालोद विधान सभा क्षेत्रांतर्गत सड़क/पुल-पुलियों का निर्माण

4. ( *क्र. 1999) **श्री प्रीतम साहू :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बालोद विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत पड़कीभाट-मोहारा-मुड़पार-बासीन मार्ग की लम्बाई कितने कि. मी. है ? क्या ठेकेदार द्वारा प्राक्कलन अनुसार निर्धारित स्थल से सामग्री का निर्माण कार्य में उपयोग किया जा रहा है ? यदि हां, तो मिक्स प्लांट व खनिज क्वेरी का नाम बतावें ? (ख) प्रश्नांक "क" अनुसार इस मार्ग में कितने नग पुल-पुलियों का प्रावधान है व पुलियों के प्रकार क्या है ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चन्द्राकर) : (क) 10.50 कि. मी. जी हां. हॉटमिक्स प्लांट भाटागांव में स्थापित है तथा मुरूम गिट्टी खदान धोबनपुरी में. (ख) 24 नग पुल-पुलियां, 20 नग पाईप पुलिया एवं 4 नग स्लेब कल्वर्ट.

मुख्यमंत्री जी द्वारा बलौदा बाजार प्रवास के दौरान की गई घोषणा का क्रियान्वयन

5. ( *क्र. 1469) **श्री गणेश शंकर बाजपेयी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या माननीय मुख्यमंत्री जी ने 16-1-2005 को बलौदा बाजार प्रवास के दौरान बलौदा नगर के बाहर से बाईपास रोड बनाने की घोषणा की थी ? यदि हां, तो अभी तक उक्त घोषणा के परिपालन में विभाग ने क्या कार्यवाही की है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : जी हां, प्राक्कलन तैयार किया जा चुका है.

दन्तेवाड़ा जिले में संचालित आवासीय ब्रीज कोर्स संस्था

6. ( *क्र. 1316) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दंतेवाड़ा जिले में कितने आवासीय ब्रीज कोर्स संस्था प्रारंभ किय गये हैं ? संस्था का नाम तथा प्रत्येक संस्था की दर्ज संख्या बालक-बालिका की कक्षावार जानकारी देवें? (ख) विधान सभा क्षेत्र चित्रकोट के अंतर्गत विकासखंड-गीदम में कहां-कहां आवासीय ब्रीज कोर्स संस्था संचालित है ? (ग) क्या आवासीय ब्रीज कोर्स संस्था हेतु भवन उपलब्ध है ? यदि नहीं, तो आवास की व्यवस्था कहां-कहां करायी जा रही है ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चंद्राकर ) : (क) दंतेवाड़ा जिले में 680 आवासीय ब्रीज कोर्स संस्था प्रारंभ किया गया है, संस्था का नाम दर्ज संख्या पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-01 पर है. (ख) विधान सभा क्षेत्र चित्रकोट के विकासखण्ड गीदम में 59 आवासीय ब्रीज कोर्स संचालित है, सूची पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-02 पर है. (ग) आवासीय ब्रीज कोर्स संस्था हेतु प्रपत्र-02 के कॉलम नंबर 4 में रिक्त शासकीय भवन या स्थानीय ग्रामीणों द्वारा निर्मित भवन में व्यवस्था की गई है.

कबीरधाम जिला में रोजगार गारन्टी योजना अंतर्गत पौध रोपण का किया गया भुगतान

7. ( *क्र. 970) **श्री योगेश्वरराज सिंह :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कबीरधाम जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजनांतर्गत वर्ष 2007-08 में रतनजोत एवं फलदार पौधे कितने रकबे में कितने-कितने रोपण किये गये हैं तथा दिनांक 31-1-2008 तक कितना भुगतान किया गया है एवम् कितना शेष है ? (ख) उक्त कार्य के लिए सामग्री एवम् मजदूरी पर कितना-कितना व्यय किया गया है ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चंद्राकर ) : (क) 1767 हेक्टेयर में 41,55,258 रतन जोत पौध रोपण किया गया एवं 10 हेक्टेयर में 2,780 फलदार पौध रोपण किया गया. दिनांक 31-01-2008 तक रु. 2,96,44,350/- का भुगतान किया गया और रु. 52,246/- का भुगतान शेष था. (ख) सामग्री पर रु. 20,66,290/- तथा मजदूरी पर रु. 2,75,78,060/- व्यय किया गया.

बजट में प्रावधानित एवं व्यय राशि

8. ( *क्र. 1799) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 2007-08 के बजट में लोक निर्माण, जल संसाधन एवं कृषि विभाग के लिए प्रावधानित राशि तथा 31-1-2008 तक व्यय राशि कितनी-कितनी है ? व्यय का प्रतिशत भी बताएं ?

(ख) 2006-07 के बजट में से 31-1-2007 तक उपरोक्त विभागों में कितना-कितना व्यय किया गया ? व्यय का प्रतिशत भी बताएं ?
(ग) 2006-07 में प्रश्नांश "क" में उल्लेखित विभागों के अनुमोदित बजट में से क्या राशि लेप्स हुई है ? यदि हां, तो कितनी-कितनी ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) विभागों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2007-2008 के बजट में लोक निर्माण, जल संसाधन एवं कृषि विभाग के लिए प्रावधानित राशि तथा दिनांक 31-1-2008 तक व्यय राशि एवं व्यय का प्रतिशत निम्नानुसार है :—

(राशि करोड़ में)

| स. क्र. | विभाग का नाम | वर्ष 2007-08 में बजट प्रावधान | दिनांक 31-1-08 तक व्यय | व्यय का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लोक निर्माण | 2205.40 | 988.39 | 44.82 |
| 2. | जल संसाधन | 995.96 | 497.83 | 49.98 |
| 3. | कृषि | 336.63 | 141.27 | 41.96 |

(ख) विभागों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2006-07 के बजट में दिनांक 31-1-2007 तक उपरोक्त विभागों में निम्नानुसार व्यय किया गया है व्यय का प्रतिशत निम्नानुसार है :—

(राशि करोड़ में)

| स. क्र. | विभाग का नाम | वर्ष 2006-07 में बजट प्रावधान | दिनांक 31-1-07 तक व्यय | व्यय का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लोक निर्माण | 1344.13 | 785.53 | 58.44 |
| 2. | जल संसाधन | 930.27 | 4444.95 | 47.83 |
| 3. | कृषि | 227.84 | 133.00 | 58.37 |

(ग) महालेखाकार से प्राप्त विनियोग लेखे 2006-07 के अनुसार प्रश्नांश "क" में उल्लेखित विभागों के अनुमोदित बजट में से निम्नानुसार राशि का उपयोग नहीं किया जा सका-

(राशि करोड़ में)

| स. क्र. | विभाग का नाम | वर्ष 2006-07 में उपयोग नहीं की गयी राशि |
|---|---|---|
| 1. | लोक निर्माण | 171.37 |
| 2. | जल संसाधन | 171.07 |
| 3. | कृषि | 38.47 |

## सतत शिक्षा अभियान का संचालन

9. ( *क्र. 2151 ) **श्री देवजी भाई पटेल** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सतत शिक्षा अभियान राज्य के किन-किन जिलों में संचालित है ? (ख) उक्त अभियान हेतु किन-किन एन. जी. ओ. को कितनी-कितनी राशि दी गई है ? (ग) कंडिका (क) की राशि में से रायपुर जिले में कहां-कहां कार्य संचालित किया गया ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) सतत शिक्षा अभियान सरगुजा, जशपुर, कोरिया, कोरबा, जांजगीर-चांपा, राजनांदगांव, कबीरधाम, महासमुंद, रायपुर एवं दुर्ग जिले में संचालित है. (ख) उक्त अभियान हेतु किसी भी एन. जी. ओ. को राशि प्रदान नहीं की गई है. (ग) कंडिका (क) की राशि में से संपूर्ण रायपुर जिले में सतत शिक्षा कार्यक्रम संचालित किया गया है.

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु भवन व्यवस्था

10. ( *क्र. 1965) **महंत रामसुन्दर दास :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने आंगनबाड़ी केन्द्र एवम् उपकेन्द्र संचालित हैं ? विकासखण्डवार बतायें. (ख) क्या पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र एवम् उपकेन्द्रों के पास स्वयं का भवन उपलब्ध है ? यदि नहीं, तो कितने आंगनबाड़ी केन्द्र एवम् उपकेन्द्र भवन विहीन है ? विकासखण्डवार बतायें. (ग) भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों एवम् उपकेन्द्रों को भवन कब तक उपलब्ध करा दिया जायेगा ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत विकासखंड नवागढ़ में 139, पामगढ़ में 129 तथा बम्हनीडीह में 32 आंगनबाड़ी केन्द्र इस प्रकार कुल 300 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं. कोई मिनी केन्द्र संचालित नहीं है. (ख) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत संचालित 300 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से विकासखंड नवागढ़ में 61, पामगढ़ में 51 एवं बम्हनीडीह में 19 इस प्रकार कुल 131 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए स्वयं के आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत है. संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में से विकासखण्ड नवागढ़ में 78, पामगढ़ में 78 एवं बम्हनीडीह में 13 इस प्रकार कुल 169 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए स्वयं के आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत नहीं है. (ग) निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

सर्व शिक्षा अभियान के तहत एन. जी. ओ. को स्वीकृत कार्य एवं राशि

11. ( *क्र. 2148) **श्री उदय मुदलियार :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में किन-किन एन. जी. ओ. को किस-किस कार्य के लिए कितनी-कितनी राशि वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में स्वीकृत की गई है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

नवा अंजोर योजना से लाभान्वित समूह

12. ( *क्र. 2113) **श्री रजिन्दर पाल सिंह भाटिया :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि राजनांदगांव जिले के छुरिया, चौकी एवं डोंगरगांव विकासखण्डों में नवा योजना के अंतर्गत कितने समूह बनाए गए हैं, एवं उनमें से कितने समूहों को लाभान्वित किया गया है ? समूहों को कितनी किस्तें दी गई ? कितनी किस्तें शेष हैं ? शेष समूहों को कब तक लाभान्वित कर दिया जावेगा ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | विकासखण्ड | गठित समूहों की संख्या | स्वीकृत समूहों की संख्या | लाभान्वित समूहों की संख्या | द्वितीय किश्त जारी समूहों की संख्या | द्वितीय किश्त जारी हेतु शेष समूहों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | छुरिया | 448 | 376 | 346 | 221 | 125 |
| 2. | चौकी | 641 | 542 | 517 | 262 | 255 |
| 3. | डोंगरगांव | 426 | 340 | 318 | 166 | 152 |
| | योग | **1515** | **1258** | **1181** | **649** | **532** |

शेष समूहों द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने पर द्वितीय किश्त जारी कर दी जावेगी.

† परिशिष्ट "दो"

शासन द्वारा किया गया रतनजोत पौधरोपण

13. ( *क्र. 1979 ) **डॉ. ( श्रीमती ) रेणु जोगी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 में रतनजोत बीज का उत्पादन कितना हुआ तथा 2006-2007 में रतनजोत पौध का रोपण कितने हेक्टेयर में किया गया ? (ख) बिलासपुर जिले में शासन द्वारा रतनजोत पौधे का रोपण किस-किस विकासखण्ड में किया गया है ? स्थान सहित सूची दी जाए ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) वर्ष 2006-07 में रतनजोत बीज के उत्पादन का आंकलन नहीं किया गया तथा वर्ष 2006-2007 में रतनजोत पौध का रोपण 37,711.45 हेक्टेयर में किया गया. (ख) बिलासपुर जिले में वर्ष 2006-07 में कोटा, तखतपुर, बिल्हा, मस्तुरी, पथरिया, मुंगेली, मरवाही, पेण्ड्रा, लोरमी एवं गौरेला विकासखण्ड में रतनजोत पौधों का रोपण किया गया है. विकासखण्डवार, स्थलवार सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शाई गई है.

राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत विद्युतीकरण हेतु प्रस्तावित ग्राम

14. ( *क्र. 691 ) **श्री बोधराम कंवर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 में कोरबा जिले के किस-किस विकासखण्ड के कितने ग्रामों के टोले/मुहल्लों को शामिल किया गया है ? (ख) प्रस्तावित ग्रामों/टोलों का विद्युतीकरण का कार्य कब प्रारंभ किया जायेगा ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) कोरबा जिले की स्वीकृत राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत योजना के क्रियान्वयन हेतु केन्द्र शासन द्वारा अभी कोई राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है, अतः उक्त योजना के अंतर्गत वर्ष 2006-07 तथा वर्ष 2007-08 में विद्युतीकरण हेतु किसी ग्राम के टोले/मुहल्ले को शामिल नहीं किया गया है. (ख) प्रश्नांश (क) के उत्तर के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

रायगढ़ जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत चयनित ग्राम

15. ( *क्र. 2115 ) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले के रायगढ़, पुसौर, बरमकेला वि. खं. में कौन-कौन सी 500 से अधिक आबादी के ग्रामों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना प्रस्तावित है ? (ख) 2008-09 में कंडिका "क" के ब्लाकों में कौन-कौन से ग्रामों का चयन कर स्वीकृति तथा टेंडर की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) वर्ष 2008-09 के प्रस्ताव हेतु चयन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है.

तहसील पखांजूर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत स्वीकृत सड़कें

16. ( *क्र. 2150 ) **श्री विक्रम उसेण्डी :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कांकेर जिले के पखांजूर तहसील अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क योजना (1) पी. व्ही. 46 से पी. व्ही. 27 (2) पी. व्ही. 39 से पी. व्ही. 121 (3) बड़े कापसी से बाबूनगर (पी. व्ही. 35+120) (4) एसेबेड़ा से जयश्री नगर पी. व्ही. 44 (5) पी. व्ही. 34 (प्रेमनगर) से पंचागी मार्ग की स्वीकृति कब हुई थी ? कब तक पूर्ण की जाना है ? (ख) दिनांक 21-02-2008 की स्थिति में इन सभी सड़कों की भौतिक स्थिति क्या है ? सड़कों की निर्माण एजेंसी/ठेकेदार कौन-कौन है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चन्द्राकर) : (क) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट के कालम 5 एवं 6 में दर्शित है.

---

† परिशिष्ट "तीन" †† परिशिष्ट "चार"

जिला दंतेवाड़ा की लौह अयस्क खदानों हेतु लंबित आवेदन

17. ( *क्र. 2146 ) **मोहम्मद अकबर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दंतेवाड़ा जिले की कहां-कहां की, कितने-कितने क्षेत्र की लौह अयस्क की खदानों के किनके-किनके आवेदन 01 फरवरी, 2008 की स्थिति में लंबित है ? (ख) उक्त जिले के कितने-कितने क्षेत्र की, किसकी-किसकी, कहां-कहां की लौह अयस्क की खदानों के, कौन-कौन से प्रस्ताव भारत सरकार से स्वीकृत है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "एक" एवं परिशिष्ट "दो" पर दर्शित है. (ख) जिला दंतेवाड़ा में खनिज लौह अयस्क के पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति एवं खनिपट्टा हेतु दिनांक 1-2-2008 की स्थिति में भारत सरकार से प्राप्त अनुमोदित प्रस्तावों का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "तीन" पर दर्शित है.

जांजगीर-चांपा जिले में वितरण हेतु क्रय सायकिलें

18. ( *क्र. 2158 ) **श्री निर्मल सिन्हा :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जांजगीर-चांपा जिले में कितनी सायकिल किस कम्पनी की, का वितरण वर्ष 2007-08 में किया गया है ? इनकी दर प्रति नग कितनी थी ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : जांजगीर-चांपा जिले में 2007-08 में मेसर्स एटलस सायकल्स हरियाणा लिमिटेड, इण्डस्ट्रियल एरिया मालनपुर, जिला भिण्ड की 2,777 सायकिलें वितरित की गई. सायकल की प्रति नग दर रुपये 1950/- + 4 प्रतिशत सेल्स टैक्स सहित राशि रुपये 2,028/- (रुपये दो हजार अट्ठाईस मात्र) है.

जनभागीदारी द्वारा संचालित स्कूल

19. ( *क्र. 840 ) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर-चांपा जिले में जनभागीदारी अंतर्गत कितने हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित हैं ? (ख) वर्ष 2005-06, 2006-07 में शासन द्वारा कंडिका (क) के जिले में कितने हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल नये खोले गये हैं ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) जांजगीर-चांपा जिले में कुल 21 हाईस्कूल एवं 04 हायर सेकेण्डरी स्कूल जनभागीदारी समिति द्वारा संचालित है. सूची † संलग्न प्रपत्र "अ" पर है. (ख) प्रश्नखण्ड "क" के जिले के वर्ष 2005-2006 में हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूल नहीं खोले गये हैं. वर्ष 2006-2007 में 25 हाईस्कूल तथा 07 हायर सेकेण्डरी स्कूल नये खोले गये हैं. सूची † संलग्न प्रपत्र "ब" पर है.

"बाल्को" के बाक्साइट लीज क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई

20. ( *क्र. 1580 ) **श्री भूपेश बघेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या जिलाधीश सरगुजा द्वारा अपने पत्र दिनांक 19-10-2006 अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांक-2852 दिनांक 4-12-2006 प्रेषित कर शासन को अवगत कराया है कि "बाल्को" के बाक्साइट लीज क्षेत्र में 3961 पेड़ कम पाये गये जो अवैध कटाई की श्रेणी में आते हैं ? यदि हां, तो क्या यह लीज शर्तों का उल्लंघन है ? (ख) यदि हां, तो शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ? (ग) क्या दिनांक 01-11-2003 के पश्चात् शासन द्वारा लीज शर्तों के उल्लंघन के कारण से कोई खनि पट्टा निरस्त किया गया है ? यदि हां, तो तद्नुसार "बाल्को" पर भी कार्यवाही क्यों नहीं की गई ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) से (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

बलौदाबाजार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के संभागीय कार्यालय का प्रारंभ

21. ( *क्र. 1468 ) **श्री गणेश शंकर बाजपेयी :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि बलौदाबाजार में प्रधानमंत्री सड़क योजना का संभागीय कार्यालय खोलने के आदेश वर्ष 2006-2007 में दिये गये थे ? (ख) क्या कार्यालय प्रारंभ हो गया है यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो कब तक प्रारंभ कर दिया जायेगा ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) जी हां. (ख) जी नहीं. दिनांक 15-03-2008 तक कार्यालय प्रारंभ किया जावेगा.

† परिशिष्ट "पांच"

बस्तर एवं दंतेवाड़ा जिले में सर्वशिक्षा अभियान के तहत रेडियो की खरीदी

22. ( *क्र. 1917) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या सर्वशिक्षा अभियान के तहत बस्तर व दन्तेवाड़ा जिले में प्रत्येक प्राथमिक शालाओं को रेडियो क्रय करने हेतु राशि आवंटित की गई थी ? (ख) यदि हां, तो कितनी-कितनी ? (ग) क्या राशि प्रदत्त शालाओं में रेडियों क्रय किया गया है ? यदि हां, तो किस कंपनी का किस दर पर ? कितने रेडियो का क्रय किया गया ? क्या निविदा आमंत्रित की गई थी, यदि हां, तो कब और किन-किन समाचार पत्रों में ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) बस्तर में सभी शालाओं के लिये राशि जारी नहीं की गयी. दंतेवाड़ा की सभी शालाओं के लिये राशि जारी की गयी है. (ख) बस्तर में रुपये 800/- प्रतिशाला के मान से 1700 शालाओं के लिये कुल रु. 1360000.00 दंतेवाड़ा में रुपये 805/- प्रतिशाला के मान से 1435 शालाओं के लिये कुल रु. 1155175.00. (ग) जी हां. रेडियो कंपनी की दर व क्रय संख्या निम्नानुसार है :—

| जिले का नाम | रेडियो कंपनी का नाम | दर प्रतिनग | क्रय किये गये रेडियो की कुल संख्या | शालाओं की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| बस्तर | फिलिप्स | 800/- | 1622 | 1700 |
| | अपर्णा | 800/- | 66 | |
| | टैनियो | 800/- | 12 | |
| दंतेवाड़ा | फिलिप्स | 800/- | 1435 | 1435 |

बस्तर में निविदा आमंत्रित नहीं की गयी तथा दंतेवाड़ा में निविदा दिनांक 22-09-2006 को दैनिक समाचार पत्र नवभारत व दैनिक भास्कर में आमंत्रित की गयी थी, किन्तु तत्पश्चात् निरस्त कर स्कूल स्तर से क्रय हेतु निर्देश जारी किए गए थे.

निजी विद्युत संयंत्रों की उत्पादन क्षमता

23. ( *क्र. 2152) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि राज्य में 31 जनवरी, 2008 की स्थिति में निजी कंपनियों द्वारा कितने मेगावाट बिजली उत्पादन की जा रही है और उसमें कितना हिस्सा राज्य को मिल रहा है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : 31 जनवरी, 2008 की स्थिति में राज्य के निजी कंपनियों द्वारा माह जनवरी-2008 में 1555.84 मिलियन यूनिट (औसतन 2091.18 मेगावाट) बिजली उत्पादित की गई है और इसमें से 351.12 मिलियन यूनिट (औसतन 471.95 मेगावाट) बिजली राज्य को मिली है.

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में सरस्वती योजनांतर्गत सायकलों का वितरण

24. ( *क्र. 1724) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पामगढ़ वि. स. क्षेत्र में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की कितनी पात्र बालिकाओं को सरस्वती योजना के तहत वर्ष 2007-08 में सायकल का वितरण किया गया है ? कितनी शेष है ? (ख) शेष पात्र बालिकाओं को सायकल कब तक प्रदान कर दी जावेगी ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) पामगढ़ वि. स. क्षेत्र में अनुसूचित जाति की 322 एवम् अनुसूचित जनजाति 39 कुल पात्र 361 बालिकाओं को सरस्वती योजना के तहत वर्ष 2007-08 में सायकल का वितरण किया गया है. सायकल वितरण सभी पात्र बालिकाओं को कर दिया गया है. कोई शेष नहीं है. (ख) प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत स्वीकृत सड़कों संबंधी

25. ( *क्र. 2149) **श्री उदय मुदलियार :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में कौन-कौन सी सड़कों का निर्माण, कितनी-कितनी लागत से, कहां

से कहां तक किस माध्यम से करवाया गया है ? निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है ? (ख) उक्त सड़कों के निर्माण कार्यों में कौन-कौन सा मटेरियल, कितनी-कितनी मात्रा में, कहां-कहां से लाकर उपयोग किया गया ? (ग) उक्त सड़कों के निर्माण कार्यों के निरीक्षण हेतु जनप्रतिनिधियों को कब-कब आमंत्रित किया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चंद्राकर) : (क) वर्ष 2006-07 की जानकारी-निरंक. वर्ष 2007-08 की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है. (ग) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "स" में दर्शित है.

---------

† परिशिष्ट "छ:"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 2 (क्र. 835) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**दिनांक 31-01-2005 के बाद माननीय उच्च न्यायालय में प्रकरण में सुनवाई की तिथियों की जानकारी**

| क्रमांक (1) | माननीय उच्च न्यायालय में पेशी का दिनांक (2) | क्रमांक (3) | माननीय उच्च न्यायालय में पेशी का दिनांक (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | 02-03-2005 | 17. | 10-07-2006 |
| 2. | 09-03-2005 | 18. | 11-07-2006 |
| 3. | 11-03-2005 | 19. | 11-08-2006 |
| 4. | 11-08-2005 | 20. | 06-07-2007 |
| 5. | 09-09-2005 | 21. | 22-08-2007 |
| 6. | 05-10-2005 | 22. | 17-09-2007 |
| 7. | 11-11-2005 | 23. | 11-10-2007 |
| 8. | 02-01-2006 | 24. | 15-11-2007 |
| 9. | 04-01-2006 | 25. | 17-11-2007 |
| 10. | 10-02-2006 | 26. | 04-12-2007 |
| 11. | 02-03-2006 | 27. | 06-12-2007 |
| 12. | 05-04-2006 | 28. | 13-12-2007 |
| 13. | 21-04-2006 | 29. | 19-12-2007 |
| 14. | 04-05-2006 | 30. | 22-01-2008 |
| 15. | 11-05-2006 | 31. | 01-02-2008 |
| 16. | 15-06-2006 | 32. | 07-02-2008 |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 2148) की जानकारी ]

| स. क्र. | जिला का नाम | एन. जी. ओ. का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत राशि | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2006-07 | 2007-08 |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | धमतरी | स्वतंत्र वीर सावरकर, सेवा समिति, बिडोरा, रायपुर. | गैर आवासीय सेतू पाठ्यक्रम शिक्षा. | 0.000 | 6.000 |
| 2. | दुर्ग | वनांचल शिक्षा सेवान्यास, रायपुर | गैर आवासीय सेतू पाठ्यक्रम शिक्षा. | 2.080 | 0.000 |
| 3. | | वनांचल शिक्षा सेवान्यास, रायपुर | आवासीय सेतू पाठ्यक्रम शिक्षा. | 19.726 | 27.874 |
| 4. | जांजगीर-चांपा | पृथा समाज कल्याण सिंह समिति, बाराद्वार, जिला-जांजगीर-चांपा. | आवासीय सेतू पाठ्यक्रम शिक्षा. | 2.965 | 0.000 |
| 5. | | कल्प समाज सेवी संगठन खरौद, जिला-जांजगीर-चांपा. | --,,-- | 2.849 | 0.000 |
| 6. | | पुष्पांजली एजूकेशन सोसायटी, (अम्बिकापुर), अकलतरा. | --,,-- | 2.637 | 0.000 |
| 7. | | नंदकुमार सिंह स्मृति सदभावना समिति, बी. डी. महंतनगर, जांजगीर. | --,,-- | 2.727 | 0.000 |
| 8. | कबीरधाम | भारत माता सेवा समिति, कवर्धा | गैर आवासीय सेतू पाठ्यक्रम शिक्षा. | 0.913 | 0.000 |
| 9. | | ग्राम विकास समिति लोहरा, पंडरिया | --,,-- | 3.296 | 0.000 |
| 10. | कांकेर | श्रुति महिला समिति, कांकेर | --,,-- | 1.071 | 1.071 |
| 11. | | प्रतिभा मंच, कांकेर | --,,-- | 1.071 | 1.071 |
| 12. | | वनांचल शिक्षा सेवान्यास, रायपुर | --,,-- | 1.335 | 0.000 |
| 13. | कोरबा | गौमुखी सेवा धाम देवपहरी | आवासीय सेतू पाठ्यक्रम शिक्षा. | 3.560 | 0.000 |
| 14. | कोरिया | वनांचल शिक्षा सेवान्यास, रायपुर | गैर आवासीय सेतू पाठ्यक्रम शिक्षा. | 0.000 | 12.780 |
| 15. | महासमुंद | अम्बे फाउंडेशन भिलाई | प्राथ. शालाओं में शौचालय निर्माण. | 5.000 | 0.000 |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 16. | रायपुर | छ. ग. सेवा परिषद्, रायपुर | गैर आवासीय सेतु पाठ्यक्रम शिक्षा. | 0.177 | 0.207 |
| 17. | | कल्याण फाउंडेशन, रायपुर | --,,-- | 0.109 | 0.127 |
| 18. | | स्व. अर्चना मेमोरियल, रायपुर | --,,-- | 0.824 | 0.961 |
| 19. | | प्रज्ञा शिक्षण समिति, रायपुर | --,,-- | 0.233 | 0.272 |
| 20. | | विद्यापीठ शिक्षण संस्था, अछोली | --,,-- | 0.114 | 0.133 |
| 21. | | जय साई सेवा समिति डी. डी. नगर, रायपुर. | --,,-- | 0.000 | 1.890 |
| 22. | | एक्शन हेल्थ एवं एजूकेशन सोसायटी, फाफाडीह, रायपुर. | --,,-- | 0.000 | 1.776 |
| 23. | | छ. ग. जनकल्याण संघ जे. तिलक नगर, रायपुर. | --,,-- | 0.000 | 0.510 |
| 24. | | गौरव शिक्षा प्रसार समिति संतोषी नगर रायपुर. | --,,-- | 0.000 | 1.440 |
| 25. | | आदर्श महिला मंडल राजिम, जिला-रायपुर | --,,-- | 0.000 | 1.260 |
| 26. | | समता महिला मंडल, शंकर नगर, रायपुर | --,,-- | 0.000 | 0.876 |
| 27. | सरगुजा | साक्षी समाज सेवी संस्था, अंबिकापुर | --,,-- | 1.700 | 0.000 |
| 28. | | साक्षी समाज सेवी संस्था, अंबिकापुर | आवासीय सेतु पाठ्यक्रम शिक्षा. | 20.876 | 0.000 |
| 29. | | वनांचल शिक्षा सेवा न्यास, अंबिकापुर | --,,-- | 10.710 | 0.000 |
| | | | योग | 83.973 | 58.248 |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्र. 2115) के भाग (क) की जानकारी ]

### 500 से अधिक आबादी की शेष प्रस्तावित बसाहटें

| क्र. (1) | विकासखण्ड का नाम (2) | बसाहटों का नाम (3) |
|---|---|---|
| 1. | रायगढ़ | 1. गोपालपुर |
| | | 2. डूमरपाली |
| | | 3. जुनवानी (पूर्व) |
| | | 4. सराईपाली |
| | | 5. भिखारीपाली |
| | | 6. हल्दीझरिया |
| | | 7. बड़ेअतरमुड़ा |
| | | 8. बेहरापाली |
| 2. | पुसौर | 1. तडोला |
| | | 2. ओड़ेकेला |
| | | 3. छातामुड़ |
| | | 4. रेंगालपाली |
| | | 5. नवापारा |
| | | 6. गुड़ |
| | | 7. बासनपाली |
| | | 8. महलोई |
| | | 9. नवापाली (पं.) |
| | | 10. सिलाढ़ी |
| | | 11. कवरिहा |
| | | 12. लोहाखान |
| | | 13. बरपाली |
| 3. | बरमकेला | 1. मानिकपुर |
| | | 2. कन्डोला |
| | | 3. सुखापाली |
| | | 4. गिरहुलपाली |
| | | 5. कपरतुंगा |
| | | 6. लिंजिर |
| | | 7. पोरथ |
| | | 8. तोरा |
| | | 9. तोरेकेला |
| | | 10. कमरीद |
| | | 11. डुमाभाठा |
| | | 12. जोगनीपाली |
| | | 13. सकरतुंगा |
| | | 14. धनिगांव |
| | | 15. अमेरी |
| | | 16. करांकोट |
| | | 17. कंचनपुर |
| | | 18. सोनवाला, विष्णुपाली |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| | बरमकेला | 19. सुरसी |
| | | 20. झाल |
| | | 21. कटंगपाली |
| | | 22. जामपाली |
| | | 23. चांटीपाली |
| | | 24. दुलुपाली |
| | | 25. अमोड़ा |
| | | 26. कोतरा |
| | | 27. मारोदरहा |
| | | 28. मेंढरा |
| | | 29. जीरापाली |
| | | 30. डोंगरीपाली |
| | | 31. सेमीकोट |
| | | 32. बहलीडीह |
| | | 33. आमापाली |
| | | 34. छेवारीपाली |
| | | 35. संबाल |
| | | 36. लिसी |
| | | 37. पिकरीमाल |

# परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 16 (क्र. 2150) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत तहसील पखांजूर में स्वीकृत सड़कों की जानकारी**

| स. क्र. | सड़क का नाम | स्वीकृत दिनांक | संभावित पूर्णता तिथि | भौतिक स्थिति | निर्माण एजेंसी/ ठेकेदार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | पी. व्ही. 46 से पी. व्ही. 27 (पखांजूर से हृदयपुर). | 23-02-2004 | 31-12-2008 | डब्ल्यू. बी. एम. ग्रेड-3 कार्य पूर्ण. | पूर्व ठेकेदार का कार्य निरस्त कर दिया गया है, पुनः निविदा आमंत्रित कर ठेकेदार निर्धारित किया जावेगा. |
| 2. | पी. व्ही. 39 से पी. व्ही. 121 (पी. व्ही. 39 से जानकीपुर). | 22-12-2003 | 31-12-2008 | डब्ल्यू. बी. एम. ग्रेड-3 कार्य पूर्ण. | |
| 3. | बड़ेकापसी से बापूनगर (पी. व्ही. 35 + 120). | 22-12-2003 | 31-12-2008 | डब्ल्यू. बी. एम. ग्रेड-3 कार्य पूर्ण. | |
| 4. | ऐसेबेड़ा से जयश्रीनगर पी. व्ही. 44. | 22-12-2003 | 31-12-2008 | डब्ल्यू. बी. एम. ग्रेड-3 कार्य पूर्ण. | |
| 5. | पी. व्ही. 34 प्रेमनगर से पचांगी (केवटी पखांजूर रोड से पचांगी). | 28-02-2007 | 31-07-2008 | साईट क्लीयरेंस, डेग-बेलिंग एवं मिट्टी कार्य किया गया है. | बाफना इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि., दुर्ग |

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्र. 840) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

**सत्र 2007-08 में जनभागीदारी समिति/पंचायत द्वारा संचालित शालाओं की सूची**

**शाला स्तर हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी**

| क्र. | जनभागीदारी से संचालित शालाएं | शाला/ग्राम का नाम | विकासखण्ड का नाम | विधान सभा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | हाईस्कूल | रसौटा | बलौदा | अकलतरा |
| 2. | हाईस्कूल | महुदा (ब) | बलौदा | अकलतरा |
| 3. | हाईस्कूल | कहारी | बम्हनीडीह | चांपा |
| 4. | हाईस्कूल | चुरतेला | डभरा | चन्द्रपुर |
| 5. | हाईस्कूल | खरकेना | डभरा | चन्द्रपुर |
| 6. | हाईस्कूल | गोबरा | डभरा | चन्द्रपुर |
| 7. | हाईस्कूल | चन्दली | डभरा | चन्द्रपुर |
| 8. | हाईस्कूल | बघौद | डभरा | चन्द्रपुर |
| 9. | हाईस्कूल | कटौद | डभरा | चन्द्रपुर |
| 10. | हाईस्कूल | आमगांव | जैजैपुर | मालखरौदा |
| 11. | हाईस्कूल | नन्देली | जैजैपुर | मालखरौदा |
| 12. | हाईस्कूल | हरेठीकला | जैजैपुर | मालखरौदा |
| 13. | हाईस्कूल | छिमानी | मालखरौदा | मालखरौदा |
| 14. | हाईस्कूल | भांटा | मालखरौदा | मालखरौदा |
| 15. | हाईस्कूल | सारसकेला | मालखरौदा | मालखरौदा |
| 16. | हाईस्कूल | सकर्रा | मालखरौदा | मालखरौदा |
| 17. | हाईस्कूल | आमनदुला | मालखरौदा | मालखरौदा |
| 18. | हाईस्कूल | कुरदा | मालखरौदा | मालखरौदा |
| 19. | हाईस्कूल | मरघटी | मालखरौदा | मालखरौदा |
| 20. | हाईस्कूल | धुठिया | नवागढ़ | पामगढ़ |
| 21. | हाईस्कूल | भदरा | पामगढ़ | पामगढ़ |
| 22. | हायर सेकण्डरी | पोंड़ीकला | बम्हनीडीह | चांपा |
| 23. | हायर सेकण्डरी | भोथिया | जैजैपुर | मालखरौदा |
| 24. | हायर सेकण्डरी | सुलौनी | मालखरौदा | मालखरौदा |
| 25. | हायर सेकण्डरी | सिवनी | नवागढ़ | चांपा |

प्रपत्र "ब"

## सत्र 2006-07 में खोली गई हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूलों की सूची

| क्र. | खोली गई शाला का स्तर | शाला ग्राम का नाम | विकासखण्ड |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | हाईस्कूल | चंगोरी | अकलतरा |
| 2. | --,,-- | नरियरा | बलौदा |
| 3. | --,,-- | देवरी | अकलतरा |
| 4. | --,,-- | सकरेलीकला | सक्ती |
| 5. | --,,-- | सिंघईतराई | डभरा |
| 6. | --,,-- | डोंगाकोहरोद | पामगढ़ |
| 7. | --,,-- | सकराली | डभरा |
| 8. | --,,-- | खोंधर | डभरा |
| 9. | --,,-- | सपिया | मालखरौदा |
| 10. | --,,-- | मेंहदीकला | मालखरौदा |
| 11. | --,,-- | किरारी | मालखरौदा |
| 12. | --,,-- | नगरदा | सक्ती |
| 13. | --,,-- | कशीगढ़ | जैजैपुर |
| 14. | --,,-- | सलनी | जैजैपुर |
| 15. | --,,-- | मलदा | जैजैपुर |
| 16. | --,,-- | रीवांडीह | जैजैपुर |
| 17. | --,,-- | आमाकाली | जैजैपुर |
| 18. | --,,-- | ठठारी | जैजैपुर |
| 19. | --,,-- | कसेरपारा | सक्ती |
| 20. | --,,-- | स्टेशनपारा | सक्ती |
| 21. | --,,-- | देवरी | बम्हनीडीह |
| 22. | --,,-- | कन्या सिवनी | बलौदा |
| 23. | --,,-- | परसाहीबाना | अकलतरा |
| 24. | --,,-- | केरीबांधा | सक्ती |
| 25. | --,,-- | तिलई | अकलतरा |
| 26. | हायर सेकेण्डरी स्कूल | सोनसरी | अकलतरा |
| 27. | --,,-- | आडिल | मालखरौदा |
| 28. | --,,-- | कचन्दा | जैजैपुर |
| 29. | --,,-- | सपोस | डभरा |
| 30. | --,,-- | दुण्डी | डभरा |
| 31. | --,,-- | पेण्ड्री | जैजैपुर |
| 32. | --,,-- | खैरा | जशपुर |

## परिशिष्ट "छः"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 25 (क्र. 2149) के भाग (क), (ख) एवं (ग) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

**विधान सभा क्षेत्र राजनांदगांव के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों का विवरण**

| क्र. | वर्ष | सड़क का नाम | स्वीकृत राशि (रु. लाख में) | ठेकेदार का नाम | कार्य की भौतिक स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | 2007-08 | टी 10 से बागतराई | 121.54 | राजकॉन | डामरीकरण कार्य पूर्ण |
| 2. | 2007-08 | चिखली से पदुमतरा | 51.78 | ईंजीनियर्स प्राईवेट | डामरीकरण कार्य पूर्ण |
| 3. | 2007-08 | आर. ए. जी. मार्ग से धामनसरा | 54.28 | लिमिटेड, दुर्ग | जी. एस. बी. स्तर |
| 4. | 2007-08 | एन. एच.-6 से अचानकपुर भाटापारा | 143.03 | --,,-- | जी. एस. बी. स्तर |
| 5. | 2007-08 | एस. एच.-9 से भंवरमरा | 66.02 | --,,-- | जी. एस. बी. स्तर |
| 6. | 2007-08 | एन. एच.-6 से टेड़ेसरा | 28.87 | --,,-- | मिट्टी कार्य प्रगति पर |
| 7. | 2007-08 | आर. डी. सी. रोड से बांकल | 64.07 | --,,-- | मिट्टी कार्य प्रगति पर |
| 8. | 2007-08 | एन. एच.-6 से सुन्दरा | 34.23 | --,,-- | प्रारंभिक सर्वेक्षण प्रगति पर |
| 9. | 2007-08 | एन. एच.-6 से पारीकला | 66.35 | --,,-- | मिट्टी कार्य प्रगति पर |
| 10. | 2007-08 | एन. एच.-6 से धीरी | 77.34 | --,,-- | मिट्टी कार्य प्रगति पर |
| 11. | 2007-08 | सुरगी से कोटराभाटा | 19.46 | --,,-- | मिट्टी कार्य प्रगति पर |
| 12. | 2007-08 | भर्रेगांव से पारीखुर्द | 104.83 | --,,-- | मिट्टी कार्य प्रगति पर |
| 13. | 2007-08 | एन. एच.-6 से देवादा | 42.66 | --,,-- | मिट्टी कार्य प्रगति पर |
| 14. | 2007-08 | एन. एच.-6 से कोपेडीह | 44.61 | --,,-- | मिट्टी कार्य प्रगति पर |
| 15. | 2007-08 | आर. ए. जी. मार्ग (टी. 5) से उसरीबोड़ा | 47.15 | --,,-- | मिट्टी कार्य प्रगति पर |

प्रपत्र "ब"

**विधान सभा क्षेत्र राजनांदगांव के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों का विवरण**

| क्र. | वर्ष | सड़क का नाम | उपयोग की गई खनिज सामग्री की मात्रा (घन मी. में) | | | आवंटित मुरूम खदान | डब्ल्यू. एम. एम. पक्के कार्य हेतु क्रेसर गिट्टी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मुरूम | गिट्टी | रेत | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | 2007-08 | टी 10 से बागतराई | 5071.00 | 3231.00 | 216.00 | सहसपुर दल्ली | पथरिया |
| 2. | 2007-08 | चिखली से पदुमतरा | 3942.00 | 3157.00 | 58.00 | भटगांव | पथरिया |
| 3. | 2007-08 | आर. ए. जी. मार्ग से धामनसरा | 970.00 | 59.00 | 25.00 | ककरेल | पथरिया |
| 4. | 2007-08 | एन. एच.-6 से अचानकपुर भाठापारा. | 2558.00 | 339.00 | 145.00 | ककरेल | पथरिया |
| 5. | 2007-08 | एस. एच.-9 से भंवरमरा | 1200.00 | 87.00 | 83 | ककरेल | पथरिया |

प्रपत्र "स"

## जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के संयुक्त निरीक्षण की जानकारी

| क्र. | अधिकारी का नाम एवं पद जिनके द्वारा आमंत्रित किया गया | जनप्रतिनिधियों का नाम एवं पद जिन्हें आमंत्रित किया गया | अधिकारी द्वारा माननीय जनप्रतिनिधियों को लिखे पत्र का क्र. व दिनांक | माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | श्री व्ही. के. जैन, अधीक्षण अभियंता. | माननीय श्री देवव्रत सिंह, सांसद<br>मान. श्री भरत लाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष. | 1434/तक./अधि. अभि./दुर्ग दिनांक 23-11-07. | अपेक्षित |
| 2. | श्री वाय. पी. साव, कार्यपालन अभियंता. | मान. श्री कोमल जंघेल, विधायक खैरागढ़. | 1822/प्रमंग्रासयो/2007 दिनांक 30-10-07. | अपेक्षित |
| | | मान. श्री विनोद खांडेकर, विधायक डोंगरगढ़. | 264/प्रमंग्रासयो/2007 दिनांक 08-02-08. | |
| | | मान. श्री उदय मुदलियार, विधायक राजनांदगांव. | | |
| 3. | श्री वाय. पी. साव, कार्यपालन अभियंता. | श्रीमति प्रमिला बाई मंडावी, जनपद अध्यक्ष, राजनांदगांव. | पृ. क्र. 1823/प्रमंग्रासयो/2007 दिनांक 30-10-07. | अपेक्षित |
| 4. | श्री आई. डी. वाहने, सहायक अभियंता. | 1. सरपंच ग्राम पंचायत बहेराभाठा, राजनांदगांव.<br>2. सरपंच ग्राम पंचायत भैंसातरा, राजनांदगांव.<br>3. सरपंच ग्राम पंचायत स. दल्ली, राजनांदगांव. | 1. 303 दिनांक 15-02-08<br>2. 306 दिनांक 15-02-08<br>3. 247 दिनांक 21-02-08 | अपेक्षित |
| 5. | श्री एस. एल. डेहरिया, प्रभारी सहायक अभियंता. | 1. सरपंच ग्राम पंचायत अ. भाठापारा, राजनांदगांव.<br>2. सरपंच ग्राम पंचायत ठाकुरटोला, राजनांदगांव.<br>3. सरपंच ग्राम पंचायत धामनसरा, राजनांदगांव.<br>4. सरपंच ग्राम पंचायत भंवरमरा, राजनांदगांव.<br>5. सरपंच ग्राम पंचायत डोलाबहरी, राजनांदगांव.<br>6. सरपंच ग्राम पंचायत धर्मापुर, राजनांदगांव. | 371 दिनांक 22-02-08 | अपेक्षित |